## एक नजर में

### नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज का अन्नकूट संपन्न

**देवास।** नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज का अन्नकूट महोत्सव रविवार को गुजराती गार्डन में आयोजित किया गया। समाज के वरिष्ठजनों और प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कविता, गीत व नृत्य प्रस्तुत किए गए। समाज के नव दंपती का परिचय मंच से दिया गया। समाज के देवकृष्ण व्यास ने बताया कि अतिथि के तौर पर नलखेड़ा आश्रम के स्वामी सच्चिदानंद जी, इंदौर अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष कुंडल, प्रेम नारायण शर्मा बरखेड़ा और शांतिबाई (दीदी) का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में नलखेड़ा आश्रम के स्वामी सच्चिदानंद ने समाज शब्द की व्याख्या समझाई। कहा ऐसे लोगों का समूह जो अपनी बुद्धि, विवेक और आचरण से जीवन जीता है वह समाज है। संतोष कुंडल ने कहा समाज की युवा पीढ़ी को आगे आकर वरिष्ठजन के मार्गदर्शन में समाज की जिम्मेदारियों का वहन करना चाहिए ताकि यहीं धरोहर वे अगली पीढ़ी को दे सकें।उन्होंने होली मिलन समारोह करने का सुझाव रखा।हवन में समाजजनों ने आहुतियां दी। आयोजन में समाजजनों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन संचालन नमन व्यास ने किया ।



### राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में किंग जॉर्ज की टीम प्रथम




**देवास।** भारत विकास परिषद देवास इकाई द्वारा प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन 2 नवंबर रविवार को प्रात: 9.30 को किया गया। प्रतियोगिता में अलग अलग जिलों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में किंग जॉर्ज हायर सेकंडरी स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।यह टीम छतरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। टीम की सफलता पर विद्यालय डायरेक्टर सहित स्टाफ ने बधाई दी।

### कुश्ती दंगल आयोजन में सम्मानित हुए मिलन

**देवास।**मलारा तहसील-बरघाट जिला शिवनी में आयोजित जिला कुश्ती संघ शिवनी एवं ग्रीन सीटी एसोसिएशन शिवनी के तत्वावधान में आल इंडिया ईनमी दंगल मलारा आयोजित कौमी एकता ईनामी दंगल का आयोजन 2 नवम्बर 2025 को सफलता के साथ सम्पन्न हुआ। इस आल इंडिया इनामी कौमी एकता दंगल आयोजन में, हाजी लियाकत हुसैन मिलन को दंगल संयोजक जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष शिवनी, एवं ग्रीन सीटी एसोसिएशन अध्यक्ष अल्ताफ उर रहमान एवं स्थानीय चोलारी विधायक रजनीश सिंह ठाकुर व समिति के आसिफ पहलवान, प्रकाश पहलवान, सागर जयसवाल, आशिष नागपुरे, असलम भाई पत्ते वाले, मोहम्मद हसीब, मुकेश जैन धनोरा वाले, व अन्य सदस्यों की उपस्थिति में पुष्प माला एवं शाल पहनाकर तथा मलारा कुश्ती दंगल आयोजन की विशेष ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया।



### गंदगी फैलाने पर निगम की टीम द्वारा चालानी कार्रवाई

**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सतत अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ रहवासी घर-घर कचरा संग्रहण वाहन में कचरा न डालकर खुले एवं खाली प्लाटों में कचरा डालकर गंदगी फैला रहे थे। वार्ड क्रमांक 24 के तीन रहवासियों तथा वार्ड क्रमांक 21 के एक रहवासी के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई साथ ही निरीक्षण के दौरान आसान चिकन सेंटर एवं मोहसिन चिकन सेंटर द्वारा बिना ब्लैक फिल्म लगाए खुले में चिकन विक्रय किया जा रहा था, जो कि नगर निगम के निर्धारित नियमों का उल्लंघन है। इस पर दोनों प्रतिष्ठानों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई एवं अर्थदंड वसूला गया। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि वे अपने घर का कचरा निर्धारित वाहन में ही डालें एवं खुले स्थानों पर गंदगी न फैलाएं। साथ ही मांसाहारी व्यापार संचालक अपने प्रतिष्ठान में स्वच्छता मानकों एवं ब्लैक फिल्म लगाने के नियमों का पालन करें। उक्त कार्यवाही निगम स्वास्थ्य निरीक्षक हरेंद्र सिंह ठाकुर के द्वारा टीम के साथ की गई।

### कुर्की की कार्रवाई के दौरान 50 प्रतिशत राशि जमा कराई

**देवास।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा निगम की आर्थिक स्थिती को सुदृढ किये जाने हेतु शहर के संपत्तिकर के बकायादारों से निगम के करों की वसुली सख्ती से किय जाने हेतु निगम राजस्व विभाग को निर्देश दिये गये। आयुक्त के निर्देशों के पालन मे सोमवार 3 नवम्बर को क्रमांक 35 में संपत्तिकर की बकाया राशि रूपये जमा नही कराने पर अशोक अम्बराम के द्वारा कुर्की की कार्रवाई के दौरान करदाता से संपत्तिकर की राशि 5 हजार निगम की टीम के द्वारा नगद जमा करवाई गई। इसी प्रकार दयाराम पिराजी के द्वारा कुर्की की कार्यवाही के दौरान रूपये 12 हजार हजार की राशि निगम टीम को जमा कराई गई। इस कार्यवाही मे निगम प्र. राजस्व अधिकारी रविंद्र सिंह ठाकुर, प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक संजय सांगते, सहायक राजस्व निरीक्षक शिरोमणि सिंह एवं टीम उपस्थित रही।

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समापन समारोह संपन्न



**देवास।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवास में आईक्यूएसी तथा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस आयोजन समिति के तत्वावधान में 01 से 03 नवम्बर तक मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया। 03 नवम्बर को स्थापना दिवस के समापन समारोह का आयोजन रखा गया। जनभागीदारी समिति सदस्य संकेत राय के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. एन.के. श्रीवास्तव रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस.राणा ने की। जनभागीदारी समिति सदस्य हिमांशु राजोले, डॉ. आर.के.मराठा, डॉ. रश्मि ठाकुर, डॉ. विद्या माहेश्वरी, डॉ. प्रीति मालवीय ने मंच साझा किया। कार्यक्रम का आरंभ माँ शारदे की पूजन, अर्चन एवं दीप प्रज्जवलन से किया गया। तत्पश्चात सभागृह में उपस्थित सम्मानीय अतिथियों, प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से मध्यप्रदेश गान को स्वर दिए गए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में अतिथियों का उत्तरीय से स्वागत, अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रश्मि ठाकुर ने त्रिदिवसीय स्थापना दिवस का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संचालन डॉ. संजय गाडगे ने किया एवं आभार डॉ. रश्मि ठाकुर ने व्यक्त किया।

# नगर परिषद लोहारदा में करोड़ों के विकास के दावे निकले खोखले

**सारे दावे मात्र राजनीतिक जुमले साबित हुए**



**लोहारदा।** नगर परिषद लोहारदा में विकास के दावे एक बार फिर हवा हवाई साबित हो रहे हैं। कुछ समय पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संध्या सुनील मालु द्वारा इस्तीफा वापस लेने के बाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने करोड़ों के विकास कार्य शुरू करने के दावे किए थे, परंतु आज तक नगर में विकास की लहर तो दूर, उसकी एक बूंद तक दिखाई नहीं दे रही है। पूर्व में अध्यक्ष द्वारा नगर में उपस्थिति नहीं रखने और विकास कार्यों की धीमी गति से जनता में असंतोष व्याप्त था। लगातार विरोध के बाद अध्यक्ष ने निजी कारण बताते हुए इस्तीफा दे दिया था।इसके बाद नगर में चुनाव कराने की मांग उठी, परंतु डैमेज कंट्रोल करते हुए श्रीमती मालू ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया। साथ ही नगर में पूर्व सीएमओ को हटाकर सतीश घावरी को नया सीएमओ नियुक्त किया गया। उस समय जनता को भरोसा दिलाया गया था कि अब नगर को समय दिया जाएगा और करोड़ों रुपये से विकास कार्य होंगे। यहां तक कि जून-जुलाई माह से निर्माण कार्य प्रारंभ करने के दावे भी किए गए थे।लेकिन यह सारे दावे मात्र राजनीतिक जुमले साबित हुए। जनता कुछ समय तक उम्मीद लगाए बैठी रही, पर अब पुन: नगर में असंतोष की स्थिति है। बिजली, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव में नागरिक परेशान हैं। नगर परिषद में अध्यक्ष की अनुपस्थिति और समस्याओं के समाधान में लापरवाही से नागरिकों के साथ-साथ पार्षदों में भी आक्रोश व्याप्त है। जनता सोशल मीडिया और परिषद कार्यालय दोनों जगहों पर अपनी आवाज उठा रही है, पर उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम न उठाए जाने से लोगों का भरोसा शासन-प्रशासन दोनों से उठता जा रहा है।हालांकि, जनता की आवाज उठने के बाद इनमें से कुछ कार्य अधूरे पड़े हैं, कुछ शुरू ही नहीं किए गए हैं और कुछ कागजों तक सीमित हैं। नतीजा यह कि नगर आज भी विकास से कोसों दूर है।

### उंगलियों पर गिनाए गए थे विकास कार्य

इस्तीफा वापस लेने के बाद अध्यक्ष और अधिकारियों द्वारा कई योजनाओं के नाम गिनाए गए थे।इनमें कायाकल्प अभियान 1.0 के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर सीसी रोड और डामरीकरण निर्माण कार्यों के लिए 43 लाख 33 हजार 107 की राशि स्वीकृत बताई गई थी। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास चतुर्थ चरण (भाग 1) के अंतर्गत 1 करोड़ 34 लाख 32 हजार 502 रुपए, तथा भाग 2 के अंतर्गत 42 लाख 96 हजार 541 रुपए की राशि का दावा किया गया था। इसके अलावा मुख्यमंत्री नगरीय अधोसंरचना योजना से 7 लाख 58 हजार 374 रुपए का प्रावधान भी बताया गया था।

# होपवेल अस्पताल के दवाखाने में प्रसूता की दवाई में मिले थे कीड़े

**आयुष व ड्रग इंस्पेक्टर ने लिए सैंपल, लेबों में होगा टेस्ट**

**सोनकच्छ।** भोपाल देवास हाईवे पर स्थित पुष्पगिरी के समीप एक अस्पताल पर विभागीय कार्रवाई हुई। इस अस्पताल अमानक दवा के साथ गर्भवती महिला के उपचार के लिए दिए जाने वाले पाउडर में कीड़े मिले थे। जिसके बाद शिकायत की थी। जिसके बाद आयुष व ड्रग विभाग ने कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक बीते दिनों मनोज सेंधव ने विभिन्न विभागों को शिकायत की थी कि, उसके द्वारा होपवेल अस्पताल में महिला मरीज को भर्ती करवाया था। यहां पर उसने डायनो केयर नामक दवा खरीदी थी। यह दवा प्रसूता महिला के उपचार के कार्य आती है। लेकिन परिजनों ने जब उस दवा का पाउडर खोला तो उसमे कीड़े पाए गए। जब इसकी शिकायत प्रबंधन से की तो उन्होंने उनसे बोला चाली कर दी। इस बात की शिकायत उन्होंने थाना सोनकच्छ पर भी की थी लेकिन वहाँ पर कुछ न होने से उन्होंने संबंधित विभाग में शिकायत करने के साथ ही मीडिया रिपोर्ट में पढ़ने के बाद सोमवार को मेडिकल पर पहुंचे व यहां पर आयुष अधिकारी ममता जिनवान देवास व ड्रग इंस्पेक्टर कपिल नागर द्वारा निरीक्षण किया गया है। नागर ने बताया कि आयुर्वेदिक दवा में कीड़े मिले थे लेकिन उसमें हम कुछ नही कर सकते है लेकिन एलो एलोपैथिक दवा के सैंपल लिए जिन्हें भोपाल भेजा जाएगा। वहीं आयुष अधिकारी जिनवान द्वारा गायनो केयर के की उसी बैच के सैंपल कलेक्ट किए है। इस संबंध में भोपाल से हमें आदेशित किया था कि कार्रवाई कर ग्वालियर लेब भेजकर दवाई की जांच करवाएं।

# राधा बाई ने किया अमलतास में देहदान



**देवास।** चिकित्सा शिक्षा और मानवता के क्षेत्र में एक अतुलनीय एवं प्रेरणादायक पहल करते हुए, 77 वर्षीय राधा बाई का देहदान संकल्प 1 नवम्बर 2025 को अमलतास मेडिकल कॉलेज, देवास में सफलतापूर्वक पूरा हुआ। उनका यह महान योगदान भावी चिकित्सकों के व्यावहारिक अध्ययन के लिए एक अमूल्य शैक्षणिक संसाधन बनेगा। यह पुनीत कार्य संत श्री रामपाल जी की प्रेरणा से प्रभावित होकर संपन्न हुआ। परिवार जनों और रिश्तेदारों की उपस्थिति में श्रीमती राधा बाई जी के स्थान देवी कुलम कालोनी, देवास पर पुलिस विभाग द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी गई। डॉ. पीठवा ने इस अवसर पर कहा- चिकित्सा शिक्षा के लिए मानव शरीर की संरचना का ज्ञान सर्वोपरि है, और शरीर दान इस क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। यह अमूल्य सहयोग हमारे विद्यार्थियों के व्यावहारिक अध्ययन और चिकित्सा विज्ञान के ज्ञानार्जन को नई दिशा देगा। देहदान अधिकारी, गजानंद चौहान, ने देहदान की प्रक्रिया की जानकारी दी और इसे संपन्न कराया। अमलतास मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदोरिया ने इस प्रेरक पहल के लिए परिवार जनो का हृदय से आभार व्यक्त किया। एनाटॉमी विभाग के हेड डॉ. करखायले एम. एल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महावीर खंडेलवाल. निर्देशक डॉ. प्रशांत, एवं अमलतास समूह ने भी आभार पाना और कहा कि यह प्रेरणादायि कदम चिकित्सा जगत के लिए वरदान सिद्ध होगा।

# अभा ब्राह्मण महासंघ व सर्व ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह

**श्रीनाथ जी एवं महर्षि गौतम को लगाया 56 भोग**



**देवास।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न हुआ। समाज के अभिक तिवारी ने बताया कि सर्वप्रथम महासंघ के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने समस्त अतिथियों एवं समाज जनों के साथ राजराजेश्वर भगवान परशुराम जी भगवान श्रीनाथजी एवं महर्षि गौतम जी की पूजा अर्चना कर 56 भोग अर्पण किया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में श्री परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त विष्णु राजोरिया ब्राह्मण महासंघ उज्जैन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, समाजसेवी योगेश दुबे, पार्षद अपर्णा जोशी, पार्षद दीपेश कानूनगो, प्रेस क्लब अध्यक्ष ललित शर्मा रहे। मंच पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत महिला संघ अध्यक्ष यशोदा शर्मा, युवा संघ जिला अध्यक्ष छोटू पांडे, नगर अध्यक्ष विमल शर्मा ने किया। महर्षि गौतम आश्रम उज्जैन रोड पर प्रात: 11 बजे से ही सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राएं एवं समाज जन बड़ी संख्या में पहुंचने लगे 135 छात्र-छात्राओं के सम्मान के साथ-साथ महासंघ के पूर्व अध्यक्षों, उप वर्ग के अध्यक्षों एवं दोनों प्रमुख पार्टी में राजनीति के क्षेत्र में समाज सेवा करने वाले समाज समाज जन, महिला संघ, वरिष्ठ समाज सेवीयो का भी सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि श्री परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजोरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्राह्मण अपने वैदिक ज्ञान से ही सनातन की युगों से रक्षा करता चला आ रहा है। सनातन धर्म की रक्षा के लिए संसार में सबसे अधिक क्रांतिकारी संघर्ष ब्राह्मण ने किया है। हरि युग की रियासत की सफलता के पीछे ब्राह्मण हैं। ब्राह्मण क्रांतिकारी शक्ति पर शोध हो रहा है, शास्त्र का निर्माता ब्राह्मण है तो शास्त्र के ज्ञात भी ब्राह्मण है। भगवान के अवतारों से लेकर जितने भी महान योद्धा हुए उनके गुरु ब्राह्मण है। यमन और मुगल के साम्राज्य को नष्ट करने के लिए ब्राह्मण ने क्रांतिकारी संघर्ष किया है। हमारे समाज की प्रतिभा निखारना होगा, हमारे संस्कारों की महान गाथाओं से परिचय करना होगा, हर युग के परिवर्तन में मानव सभ्यता को बचाने वाली रही है ब्राह्मणों की क्रांति। सुरेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि ब्राह्मण की क्रांतिकारी शक्ति विद्वानों के लिए शोध का विषय बना हुआ है ।समाजसेवी शिव भैया ने अपने स्वर्गीय पुत्र के नेत्रदान करने पर महासंघ के आकाश अवस्थी ने स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सतीश दुबे, चेतन उपाध्याय ने किया। आभार महासंघ के महासचिव डॉक्टर रितेश शर्मा ने माना।

# अमलतास में 10 दिवसीय सिम्फोनी खेल महोत्सव का आगाज़

**राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज ने किया शुभारम्भ**



**देवास।** अमलतास विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को 10 दिवसीय विशाल सिम्फोनी खेल महोत्सव का भव्य शुभारम्भ हुआ।इस महत्वपूर्ण अवसर पर श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पीठाधीश्वर परम पूज्य राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज ने कार्यक्रम का लोकापर्ण (उद्घाटन) किया। खेल महोत्सव के उद्घाटन सत्र में, अमलतास समूह के संस्थापक सुरेश सिंह भदौरिया ने महाराज जी का पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर स्वागत किया। पूज्य महाराज जी स्वयं खेल मैदान पहुँचे और प्रतिभागी छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने टॉस कर सभी विजेताओं को बधाई दी और छात्रों के साथ मैच खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया। छात्रों ने भी शानदार सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर महाराज जी, अतिथि एवं सभी को आनंदित कर दिया । बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में सभी छात्रों को मंगलकामनाएं दीं। उन्होंने अमलतास ग्रुप के संस्थापक सुरेश सिंह भदौरिया की चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विशेष प्रशंसा की। महाराज जी ने कहा कि अमलतास के इस पवित्र परिसर में उन्हें आनंद की अनुभूति हो रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अमलतास अस्पताल आधुनिक चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर प्रगति करेगा।उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, विश्व विद्यालय के सभी महाविद्यालय के छात्र लगन और मेहनत से अपने लक्ष्यों को हासिल करें और समाज सेवा में अपना अमूल्य योगदान दें। उन्होंने युवा आइकॉन चेयरमैन श्री मयंक राज सिंह भदौरिया के छात्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने की सराहना भी की। इस भव्य कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें कुलगुरु डॉ. शरदचन्द्र वानखेड़े, रजिस्ट्रार संजय रामबोले, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. ए.के. पीठवा, वाईस चेयरमैन देवेन्द्र दुबे, निदेशक डॉ. प्रशांत, डायरेक्टर डॉ. अभिजीत तायडे, सभी महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ शामिल थे।

# प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता देवास में संपन्न



**देवास।** भारत विकास परिषद के संस्कार प्रकल्प की प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता मध्य भारत पश्चिमप्रांत की देवास शाखा के आतिथ्य में सेंट्रल इंडिया एकेडमी विद्यालय में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि अमरजीतसिंह जी खनूजा, विशिष्ट अतिथि चरणजीत सिंह अरोरा एवं अध्यक्षता रीजनल संस्कार प्रमुख सुरेन्द्र प्रधान ने की। राष्ट्रीय समूह गान के प्रांतीय संयोजक हेमंत वर्मा ने बताया कि प्रांतभर की टीमों ने अपने गायन कौशल का परिचय दिया। उज्जैन, शामगढ़ ,देवास ,मंदसौर,रतलाम, जावरा की कुल 7 शाखाओं की टीम ने हिस्सा लिया। देवास शाखा की किंग जॉर्ज स्कूल की टीम ने प्रांत में प्रथम स्थान अर्जित किया। द्वितीय स्थान पर मंदसौर शाखा की लोटस वैली स्कूल की टीम रही वही। उज्जैन सांदीपनी शाखा की ज्ञान सागर ग्लोबल एकेडमी की टीम को तृतीय स्थान पर संतोष करना पड़ा। गायन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में कौस्तुभ नाइक,सोनाली पौराणिक एवं रविप्रकाश वाजपेई उपस्थित रहे। आरंभ में शाखा अध्यक्ष डॉक्टर मीना राव ने स्वागत भाषण दिया , मुख्य अतिथि अमरजीत खनूजा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में देशभक्ति की भावना प्रेरित होती है। कार्यक्रम का संचालन नवीन नाहर ने करते हुए भारत विकास परिषद की जानकारी सदन में रखी। सभी विजेताओं को शील्ड, प्रमाण पत्र एवं नगद राशि प्रदान की सांत्वना पुरस्कार प्राप्त सभी विद्यालय की टीमों को प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए अंत मे आभार प्रांतीय महासचिव विनोद काला एवं शाखा सह सचिव दीपिका गर्ग ने माना। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांत अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल, रीजनल अधिकारी रविंद्र सोनी राष्ट्रीय सेवा गतिविधि टीम सदस्य, सुनील लवंगिकर रिजनल संगठन सचिव, ओम प्रकाश गुप्ता रीजनल पर्यावरण कन्वीनर, ईश्वर पटेल प्रान्तिय मार्गदर्शक, शेखर नाहर प्रांतीय नेत्रदान प्रकल्प संयोजक, पप्पू सिंह सिसोदिया जावरा शाखा अध्यक्ष, दिनेश भावसार जावरा शाखा सचिव, अनिल वैष्णव अध्यक्ष सांदीपनि शाखा उज्जैन, नरेंद्र चौधरी प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश डसानिया प्रांतीय संगठन सचिव वृषाली आप्टे सहित सदस्य उपस्थित थे।


**एक नजर** निगम आयुक्त ने ली समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक

# शिकायतों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी के निर्देश दिए



**देवास।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त पत्रों के जवाबों की, समयावधि पत्रों, निगम संबंधि समयावधि पत्रों, सीएम हेल्प लाईन के साथ ही सीएम मानिटरिंग समयावधि के पत्रों के निराकरण के संबंध मे निगम के समस्त विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक सोमवार 3 अक्टुबर को बैठक निगम बैठक हाल मे ली गई। बैठक मे आयुक्त के द्वारा कलेक्टर कार्यालय के समयाधि पत्रों मे आवास नगर मे मंदिर रास्ते पर अतिक्रमण संबंधि, चन्द्रलोक नगर अवैध पट्टाधारी द्वारा प्राकृतिक नाले के बहाव को रोकने, चन्द्र लोक नगर सरकारी नाली के पानी की निकासी करने, विश्राम बाग, राधागंज बैक लेन गलियों, बैसलेन सफाई करने, स्वत्व संबंधि विवादों जिसमे गलत दस्तावेज से नामान्तरण करावने, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि संबंधि राशि के संबंध मे नगर निगम संबंधित विभाग द्वारा प्रस्तुत जवाबों की समीक्षा की गई। बैठक मे शहर के नागरिकों द्वारा सीएम हेल्प लाईन मे की जाने वाली शिकायतों, समस्याओं के संबंध मे की गई। शिकायतों के निराकरण एल 1 पर ही करने के निर्देश जारी किये गये कि एल 1 पर कोई भी शिकायतें नान अटेन्डेंट नही होनी चाहिये, अगर नान अटेन्डेन्ट हो तो एल 1 अधिकारी पर रूपये 5 सौ की पेनाल्टी अधिरोपित की जावेगी। सीएम हेल्प लाईन मे ग्रेडींग की शिकायतों के संबंध मे माह की 1 तारीख से ही निराकरण की कार्यवाही करने के निर्देश संबंधितों को दिये गये। बैठक मे आयुक्त ने नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण त्वरित गति से करने हेतु शिकायत प्रकोष्ठ गठित करने जिसमे शिकायतों के दर्ज करने हेतु रजिस्टर तैयार करने, शिकायतों के निराकरण की अद्यतन स्थिती की जानकारी भी रखने के निर्देश जारी किये गये। जिसमे एक कर्मचारी की तैनाती की जावेगी। बैठक मे मधुबन कालोनी मेन रोड पर अतिक्रमण की शिकायत के निराकरण करने, शीतऋतु मे रैन बसेरा की व्यवस्था बाबद के संबंध मे दिशा निर्देश दिये गये। बैठक मे कालोनियों मे अतिक्रमणो की शिकायतों हेतु सर्वे करने, गंगा विहार कालोनी मे सिवरेज सफाई की शिकायतों के निराकरण की चर्चा मे आयुक्त ने निर्देश जारी किये कि सिवरेज कम्पनी का एक निश्चित शेडयुल तैयार करें। जिससे शिकायतों का निराकरण समय सीमा मे हो सके। बैठक मे आयुक्त के द्वारा सीएम मानिटरिंग मे दर्ज शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिये गये। आयुक्त द्वारा जलप्रदाय एवं सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर प्रति माह विद्युत देयकों की भी समीक्षा की गई।

# मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर हुआ आयोजन



**देवास।** महारानी पुष्पमाला राजे पंवार शासकीय कन्या महाविद्यालय, देवास में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष मनोरमा सोलंकी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी एवं प्राध्यापक डॉ. लोकेश जरवल द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम का आरंभ छात्रा तनिष्का पांचाल द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ, जिसने पूरे सभागार में भक्ति और उत्साह का वातावरण निर्मित कर दिया। इसके पश्चात महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापकों का पुष्पकमलों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में छात्रा तनिष्का पांचाल ने भावपूर्ण स्वर में मध्य प्रदेश गान की प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित जनों ने सराहा। मुख्य अतिथि मनोरमा सोलंकी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश न केवल भौगोलिक रूप से भारत का हृदय है, बल्कि यह संस्कृति, कला और शिक्षा का भी केंद्र है। हमें गर्व है कि हमारा प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और युवा पीढ़ी इसके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने छात्राओं को राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्य प्रदेश स्थापना दिवस हमें अपने राज्य की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। शिक्षा के माध्यम से ही हम अपने प्रदेश को सशक्त और समृद्ध बना सकते हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अनीता भाना ने कहा कि यह दिन हमें अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराता है। हमें अपने प्रदेश की प्रगति में योगदान देना चाहिए और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए शिक्षा को माध्यम बनाना चाहिए।